भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2374

21 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

कोविड महामारी के कारण इस्पात विनिर्माण पर प्रभाव

2374. श्रीमती वीणा देवी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2022 में देश में इस्पात के उत्पादन में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्ष 2019 से 31 अक्टूबर, 2022 तक इस्पात उत्पादन का वार्षिक ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोविड महामारी के कारण विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण इस्पात की खपत में कमी आई है और उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): जी हाँ। जनवरी से अक्टूबर, 2022 के दौरान कच्चे इस्पात के उत्पादन संबंधी आंकड़े (अनंतिम) नीचे दिए गए हैं और इनसे पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में जनवरी-अक्टूबर, 2022 के दौरान ऐसे उत्पादन में वृद्धि प्रदर्शित होती है।

वर्ष	**कच्चा इस्पात**	
	उत्पादन (एमटी में)	**% बदलाव**
जनवरी-अक्टूबर 2021	97.84	-
जनवरी-अक्टूबर 2022*	103.78	6.1
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी=मिलियन टन; *अनंतिम (जेपीसी डीओ रिपोर्ट)		

(ख): वर्ष 2019 से 2022 (जनवरी से अक्टूबर, 2022) के दौरान कच्चे इस्पात के वर्ष-वार उत्पादन संबंधी आंकड़े (अनंतिम) नीचे दिए गए हैं:-

वर्ष	**कच्चा इस्पात उत्पादन (एमटी में)**
2019	111.35
2020	100.26
2021	118.20
2022 (जनवरी-अक्टूबर 2022) (अनंतिम)	103.78
स्रोत: जेपीसी; एमटी=मिलियन टन; *अनंतिम (जेपीसी डीओ रिपोर्ट)	

(ग) और (घ): वर्ष 2020 में खपत में कमी दर्ज की गई है, यह वही वर्ष है जब कोविड-19 महामारी ने पहली बार देश को प्रभावित किया था। वर्ष 2019 से 2022 (जनवरी से अक्टूबर, 2022) के दौरान कुल तैयार इस्पात की खपत के वर्ष-वार आंकड़े (अनंतिम) नीचे दिए गए हैं:-

वर्ष	**कुल तैयार इस्पात खपत (एमटी में)**
2019	102.62
2020	89.33
2021	106.23
जनवरी-अक्टूबर 2022*	94.69
स्रोत: जेपीसी; एमटी=मिलियन टन; *अनंतिम (जेपीसी डीओ रिपोर्ट)	

****